# दो दिन की मशक्कत के बाद मिला पुजारी का शव

**धारनाकला नवभारत। मोर्चा देवी मन्दिर मे पुजारी केदार वाडिवा का शव दो दिन की मशक्कत के बाद मिल चुका है दो दिनो से पुलिस प्रशासन तथा कल्याणपुर ग्राम तथा आस पास के ग्रामीण शव की तलाश मे लगे हुऐ थे अंतत कडी मेहनत तथा पुलिस प्रशासन की सतर्कता से मन्दिर से लगी सर्राटी नदी के काफी दूर पुजारी का शव बुरी अवस्था मे मिला है ग्राम तथा आसपास के छेत्र मे सनसनी का माहोल बना हुआ है स्थिति को देख पुलिस प्रशासन द्वारा शव को पी एम के लिये भेज दिया गया है**

मोर्चा देवी मन्दिर में बीस वर्षो से पुजारी थे

### जनसेवा के लिए समर्पित रहा जीवन

उल्लेखनीय है की केदार वाडिवा बरघाट विकास खंड के ग्राम कल्याणपुर के रहने वाले थे तथा उनका पूरा जीवन जन सेवा के रूप मे समर्पित था इसके बाद केदार वाडिवा ने जंगल मे स्थित मोर्चा देवी मन्दिर मे अपना बसेरा स्थापित कर लिया था तथा जंगली जडी बूटियो के अनुभव के साथ वे छेत्र तथा बाहर से आने वाले लोगो को भी अपनी सेवाऐ मंदिर मे रहकर दे रहे थे साथ ही सिद्ध स्थल होने के कारण जंगल से घिरे मोर्चा देवी मंदिर मे भक्तो का तांता लगा रहता था और समय समय पर मोर्चा देवी मन्दिर मे नवरात्र तथा अन्य पर्वो पर कार्यक्रम भी आयोजित होते थे सिद्ध स्थल मे केदार वाडिवा की समर्पण के साथ सेवा का ही परिणाम था की कल्याणपुर ग्राम के ग्रामीणो ने अपनी मेहनत से मंदिर जाने के लिये घने जंगल मे रोड का निर्माण भी कर दिया था यही कारण है टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर वाहन भी सुचारू रूप से मोर्चा देवी मन्दिर तक पहूचने लगे थे पुजारी केदार वाडिवा का शव मिलने से पूरा क्षेत्र स्तब्ध सा रह गया है

### ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई



उल्लेखनीय है की केदार वाडिवा 22 अक्टूबर से लापता थे ग्रामीणो के बतायेनुसार वे कल्याणपुर बाजार आऐ थे तथा सब्जी की खरीददारी कर वापस मन्दिर शाम को चले गये थे उसके बाद से ही लोगो को वे मन्दिर मे नही मिले लोगो ने हत्या की आशंका इस लिये भी जाहिर की है की मन्दिर मे सोने चांदी के जेवरात जो की देवी प्रतिमा पर थे गायब है साथ ही जिस कमरे मे पुजारी रहते थे वहा का कीमती सामान भी गायब होने के साथ सामान बिखरा हुआ पाया गया है इसी आशंका को लेकर ग्रामीण हत्या होने की बात कह रहे है जिसकी जाचं बरघाट पुलिस द्वारा भी तत्परता से की जा रही है ।

**इनका कहना है**

पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कहा जा सकता है की क्या घटना घटित हुई है पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

**मोहनीश बैस**
**थाना प्रभारी, बरघाट**

# नेशनल हाईवे 44 में चलती कार अचानक बनी आग का गोला



**छपारा नवभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में बुधवार को ऐसी घटना घटी जिसे देख कर लोग देखते ही रह गए। बताया जा रहा है कि फोरलेन सड़क पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई उक्त कार सिवनी की ओर से जबलपुर जा रही थी वहीं कार में मौजूद रामप्रसाद कोरेती ने बताया कि उनके साथ कार में पंकज श्रीवास्तव नामक व्यक्ति भी सवार थे जो सिवनी से जबलपुर जा रहे थे लगभग दोपहर 2=30 बजे के आसपास उनकी कार जैसे ही नेशनल हाईवे 44 की बंजारी घाटी के पास पहुंची तो कार से नीचे की तरफ से धुआं निकलने लगा तब उन्होंने तुरंत का को रोक दी और नीचे उतर गए।

वहीं देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते उक्त कार जलकर खाक हो गई, वहीं सूचना मिलते ही छपारा डायल 112 पहुंची जिसमें मौजूद सैनिक श्याम सिंह और पायलट ने इसकी सूचना दमकल वाहन को दी दमकल वाहन ने पहुंचकर कार में लगी आग पर काबू पा लिया है वही इस घटना के बाद नेशनल हाईवे में काफी देर लंबा जाम भी लग गया था फिलहाल कार में मौजूद दोनों व्यक्ति सुरक्षित है लेकिन वही कार जलकर खाक हो गई।



# मां बैंनगंगा को अर्पित की गई चुनरी, किया गया दीपदान, लक्ष्मी नारायण मंदिर में चला भंडारा

**छपारा नवभारत।** कार्तिक पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 5 अक्टूबर को नगर के घाटों पर मां बैंनगंगा नदी को चुनरी एवं दीपदान किया गया जिसमें जहां दोपहर नगर के तकिया वार्ड से चुनरी यात्रा लालमाटी होते हुए बस स्टैंड से मुख्य मार्गो से होकर सिद्ध बाबा घाट पर पहुंच चुनरी अर्पित की गई तो वहीं लगातार 22 वर्ष में नगर की बैंनगंगा चुनरी एवं दीपदान महोत्सव समिति द्वारा मां बैंनगंगा को चुनरी अर्पित एवं दीपदान किया गया बुधवार को शाम लगभग 5 बजे नगर के विधुत वितरण कंपनी कार्यालय के सामने से भव्यता के साथ चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें पारंपरिक शैला नृत्य, गुन्नौरशाही, दुलदुलघोडी जैसे मनोरंजक संगीत नृत्य ग्रुप में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए नगर के बस स्टैंड और नगर के बैंनगंगा नदी छोटे पुल घाट पर पहुंचीं जिसका



पुष्प वर्षा कर बस स्टैंड पर स्वागत किया गया जहां मां बैंनगंगा की विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर चुनरी भेंट कर दीपदान किया गया ।इसके पूर्व सुबह से नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर स्नान एवं पूजन अर्चन करने नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों से श्रृद्धालुओं का क्रम जारी रहा नगर के नदी पुल घाट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति द्वारा सुबह से भंडारा की शुरुआत हुई जो देर शाम तक जारी रही श्रृद्धा भाव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा नदी में पुजन अर्चन कर दीपदान किया गया। चुनरी यात्रा एवं दीपदान महोत्सव में क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह भी शामिल हुए।

# वैष्णवी देवी पहाड़ी में मां अन्नपूर्णा का दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

**सिवनी नवभारत।** शहर से सात किलोमीटर दूर सीलादेही की वैष्णवी पहाड़ी में मां अन्नपूर्णा का दर्शन-पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 18 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को विधि-विधान से हवन-पूजन, महाआरती, भंडारे व भजन संध्या के साथ समापन किया गया। सारे जगत का अन्न भंडार भरने की कामना से स्थापित मां अन्नपूर्णा देवी को छप्पन भोग अर्पित किए गए, श्रद्धालुओं ने मातारानी का आर्शीवाद प्राप्त किया। मां वैष्णवीदेवी धाम सेवादार समिति के सदस्यों ने बताया कि कन्या भोजन के बाद मां अन्नपूर्णा के भंडारा प्रारंभ किया गया, जो भक्तिमय भजन कार्यक्रमों के साथ देर शाम तक निरंतर जारी रहा। भाजपा द्वारा 5 नवंबर को कारीरात से प्रारंभ की गई एकता पद यात्रा का समापन सीलादेही पहाड़ी में समारोहपूर्वक किया गया। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने निधि से स्वीकृत 15 लाख रुपये टीन शेड निर्माण कार्य भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी के अलावा भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ब्रह्मलीन जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज द्वारा पूजित मां वैष्णवी देवी धाम सीलादेही में प्रतिवर्ष धनतेरस से मां अन्नपूर्णा महोत्सव का प्रारंभ किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुए मां अन्नपूर्णा के महाप्रसादी (भंडारा) में भक्तों को दाल-बाफले, कढ़ी-पुलाव, हलुआ-खीर इत्यादि परोसा गया। रमणीय धार्मिक स्थल पर शहरवासियों ने परिवार सहित पहुंचकर देवी मां का दर्शन किया। भक्ति गीत-भजनों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों दी गई। यह स्थल रमणीय धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। चारों ओर हरियाली व नैसर्गिक सुंदरता यहां पहुंचने वाले लोगों को सुकून देती है। वन विभाग ने सीलादेही पहाड़ी को नगर वन के रूप में विकसित कर इसे सैर सपाटे के लिए अनुकूल बनाया है। परिवार, मित्रों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहाड़ी की ऊंचाई से दूर-दूर तक फैली हरियाली के विहंगम नजारे का आनंद लिया।

### वल्लभभाई पटेल के एकता और अखंडता के संदेश से गूंजा सिवनी

**सिवनी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर माय भारत (मेरा युवा भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान तथा जिला प्रशासन सिवनी के सहयोग से Sardar@150 पदयात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद भारती पारधी के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय, जिलाध्यक्ष मीना बिसेन तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पदयात्रा कारीरात से प्रारंभ होकर सीलादेही, भंडारपुर, चावड़ी, पलारी होते हुए वैष्णो देवी धाम सीलादेही के समीप संपन्न हुई।

# थाना कुरई में आयोजित किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता (भापुसे) के द्वारा जिला सिवनी के समस्त थाना प्रभारियों को सडक सुरक्षा जागरूकता एवं दो पहिया वाहन चालकों की सडक दुर्घटना में होने वाली होने वाली आकस्मिक मृत्यु से बचाने हेतु कार्यक्रम आयोजित करवाने एवं जनसहयोग से हेलमेट वितरण करवाने हेतु आदेशित किया गया।

इसके पालन में 05 नवंबर को थाना कुरई परिसर के सामने एन.एच.44 किनारे सडक सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता (भापुसे) एवं अनुविभागीय



अधिकारी पुलिस बरघाट ललीत गठरे, अपर कलेक्टर सिवनी सुश्री सुनीता खण्डायत, एस.डी.एम. कुरई प्रशांत उइके, तहसीलदार सतीश कुमार चौधरी थाना प्रभारी यातायात निरी. विजय बघेल, थाना प्रभारी कुरई निरी. के.एस. तेकाम, जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष कुरई लोचन सिंह मर्सकोले, थाना कुरई का समस्त पुलिस स्टाफ तथा ग्रामीणजनों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन करने एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने की सलाह दी गई और हेलमेट लगाने से होने वाले फायदों के संबंध में जानकारी दी गई। थाना कुरई अंतर्गत ग्राम मोहगांव यादव एवं ग्राम आमाझिरी के सरपंच को गांव में वाहन चलाने वालों को हेलमेट धारण करवाने की शपथ दिलाई गई एवं बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर समझाईश दी गई एवं करीब 50 हेलमेट नि:शुल्क वितरण किये गये।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनों के बीच सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिये प्रारंभ किया गया है जिसको जिला सिवनी के समस्त थानों में आयोजित किया जायेगा।



### 112 ने विक्षिप्त को पहुंचाया अस्पताल

**छपारा।** लगभग दो दिन से नगर के बस स्टैंड के समीप सड़क किनारे लाचार अवस्था में एक वृद्ध महिला जो खुद का नाम पता एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी देने में असमर्थ थी स्थानीय लोगों ने बेसहारा वृद्ध महिला की जानकारी नगर निरिक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार को बुधवार को दी जिसपर पर कई घंटों से सड़क किनारे असहाय पड़ी उक्त महिला को सूचना पर छपारा डायल 112 वाहन ने उपचार हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया ज्ञात हो कि उक्त महिला अस्पष्टता के साथ अपने गांव का नाम घुघररा पिपरिया के अलावा कोई जानकारी नहीं बता पा रही है।

# लूट मामले के आरोपी भाजपा नेताओं को नहीं मिली जमानत

### आठ आरोपियों ने लगाई थी अग्रिम जमानत, हुई निरस्त

**सिवनी नवभारत।** देवरी टीका लूट कांड पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ है एक तरफ कानून का पालन करना पुलिस की मजबूरी है तो वही दूसरी तरफ इस लूट कांड के आरोपी उच्च राजनीतिक संरछन प्राप्त भाजपा के नेता है इस कारण पुलिस कर्तव्यों का पालन नही कर पा रही है ज्ञात हो की सिवनी हवाला लूट कांड के 20 दिन पहले दिनाँक 17/09/2025 को धनौरा पुलिस के सामने अमान सिह के गिरोह ने रंगदारी, लूट, बलवा, हत्या का प्रयास, कर प्रदीप दुबे को गंभीर चोट पहुँचाई गई थी जिसकी वरदात स्कॉर्पिओ कार में लगे कैमरे मे कैद हो गई, उक्त अपराध के 45 दिन बीत गए लेकिन 12 नामजद आरोपियों में से महज एक आरोपी नरेश राय को ही गिरफ्तार किया जा सका जिसकी जमानत सेशन कोर्ट लखनादोंन से भी खारिज हो गई बताया जाता है कि उक्त प्रकरण के आठ आरोपी सुरेश डेहरिया भाजपा अनु जाति मोर्चा जिला मंत्री, देवीसीह शिववेदी अनु जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, जयंत डेहरिया अनुसूचित जाति मोर्चा धनोरा मंडल अध्यक्ष, बृजमोहन डेहरिया अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल धनोरा महामंत्री, चंद्रकांत डेहरिया, राकेश साहू,महेश डेहरिया, चमरु साहू ने सेशन कोर्ट लखनादोंन मे अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी जिसे माननीय न्यायालय से आठो आरोपियों को अग्रिम जमानत नही मिली इस प्रकरण के आरोपी रामकृष्ण डेहरिया, यदुनाथ गुमास्ता, अमान सिह शिववेदी ने अभी तक जमानत याचिका न्यायालय में दायर नही की है , भाजपा बूथ अध्यक्ष नरेश राय अभी जेल मे है और बाकी आरोपी फरार चल रहे है, यहाँ बता देना लाजमी होगा कि पैसे से पत्रकार प्रदीप दुबे की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 333 /2025 जिसमें धारा 296,115 (2 ),118 (1) ,119(2), 191 (2),324 (4), 351 (2 ),3 (5 )बीएन एस कायम हुआ विवेचना के दोरान धारा 309(2) (लूट ) एवम 118(2) (गंभीर उप हती) बढ़ा दी गई है। इस मामले में फरार 11 छोटे भैया नेताओं की कब गिरफ्तारी हो पाएगी।

### बैनगंगा नदी में तीन दिन पहले बहे युवक का मिला शव



**छपारा नवभारत।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिहीरिया के नज़दीक स्थित गर्राघाट नामक स्थान में वैनगंगा नदी में तीन दिन पूर्व बहे युवक का शव बुधवार को मिला। विदित हो कि तीन दिन पहले बिहिरिया गांव का नवजवान युवक सोनू उर्फ नफीस बैनगंगा नदी किनारे तट पर लगा मड़ई मेला घूमने जाते समय नदी पार करते समय अचानक पैर फिसलने से नदी में डूब गया था...जिसकी तलाश 3 दिन से जारी थी वहीं जिले से पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार 5 नवंबर को लाश को बरामद कर ली। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए छपारा अस्पताल लाया गया है.जहां पी एम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया फिलहाल छपारा पुलिस ने इस घटना पर मर्ग कायम कर अपनी जांच शुरू कर दी है।

**आयोजन** | अभिषेक कालोनी भ्रमण के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई, श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

# तीन दिवसीय श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** नगर में तीन दिवसीय श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम शहीद वार्ड अभिषेक कालोनी सिवनी में नगरपालिका परिषद सिवनी कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया के मुख्य आतिथ्य एवं शहीद वार्ड पार्षद मो जोएब जकी अनबर खान विवेकानंद वार्ड पार्षद राजेश राजू यादव बीजेपी महामंत्री संजू मिश्रा, सीबू सेंगर, अजय मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य व अभिषेक कालोनी के वरिष्ट पी एल बानद्रे , महेंद्र पंडया , शिवकुमार जोहरी , रमेश नेमा , रमेश यादव एन. एल. भारद्वाज , रमन राय एवं समस्त श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



शिव की नगरी अभिषेक कालोनी सिवनी प्राण प्रतिष्ठा में कालोनी के कार्यक्रम में यजमान श्रीमती कीर्ति ठाकुर , दिनेश ठाकुर एवं श्रीमती नैना पांडे चंचलेश पांडे द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के रहकर पूजन सामग्री एकत्रित कर पूजन पाठ का बखूबी से निर्वहन किया गया। शाम को सुंदर काण्ड पाठ व तीसरे दिन भव्य भजन संध्या अशोक अकेला, अजय विश्वकर्मा, जयदीप दुबे, नंदू ताम्रकार ,ममता सेंडे , अशोक सुब्बाराव एवं टीम की उपस्थिति रही जिसमे श्री महाकाल समिति के विशाल भलावी द्वारा शानदार साजसज्जा रंगमंच करवाया गया। सुबह 10 बजे से भव्य ऐतिहासिक भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव की शोभायात्रा मठ मंदिर,मतादिवाला से होते हुए अभिषेक कालोनी भृमण उपरांत प्राण प्रतिष्ठा की गयी जिसमें समस्त श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

शोभायात्रा में ,भगवान शंकर जी, हनुमान जी श्री राम जी की झांकी से सभी श्रद्धालुओं का मन प्रफुल्लित हुआ। साथ ही कालोनी की समस्त मातृशक्तिओ द्वारा कलश यात्रा लाल परिधान में एकता का प्रतीक प्रदर्षित हुआ। कलशों की व्यवस्था व साज सज्जा श्रीमती लक्ष्मी गहलोद व सहयोगी महिलाओं द्वारा किया गया। समस्त कलश यात्रा में सम्मिलित महिलाओं को कालोनी की श्रीमती नीतू तिवारी द्वारा सुहाग सामग्री वितरित की गई एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती रजनी पंड्या द्वारा भोलेनाथ का उपहार वितरित किया गया ।पूजन हवन ततपश्चात विशाल भंडारे का आयोजन प्रभारी आर पी चौधरी व सहयोगी टीम द्वारा पंक्तिबध्य स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया सभी आगन्तुको ने स्वादिष्ट भोजन व कार्यक्रम की बहुत तारीफ करते हुए महाकाल समिति को धन्यवाद दिया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम को भव्य व ऐतिहासिक बनाने में मुख्य रूप से कालोनी के संजय मिश्रा, एल के डहेरिया , गोपाल गहलोद , दिलीप विशेन , राजेश रजक , गोलू निर्मलकर , संजीव पारासर , आसुतोष तिवारी , राजेन्द्र भांगरे ,विकाश सेन एवं मातृशक्तिओ में श्रीमती जयश्री पाण्डे श्रीमती कंचन सोनी श्रीमती नैना पाण्डे श्रीमती कीर्ति ठाकुर श्रीमती रजनी पंड्या श्रीमती कुन्ती सिंगोतिया श्रीमती सुनीता चौधरी श्रीमती वर्षा विशेन श्रीमती सन्तोषी सेन श्रीमती कंचन भलावी श्रीमती गिरजा भांगरे श्रीमती लक्ष्मी गहलोद श्रीमती सपना गहलोद श्रीमती राजेश्वरी गहलोद श्रीमती लक्ष्मी बघेल श्रीमती सविता पटले श्रीमती नीतू मर्सकोले श्रीमती सोनम चीचले श्रीमती नीतू तिवारी श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा श्रीमती रीना मालवीय श्रीमती कामिनी चंद्रा श्रीमती पूनम डहेरिया श्रीमती सरिता रजक श्रीमती नीता अग्रवाल श्रीमती मोनिका शिवाने श्रीमती मंजू आत्मपुजे श्रीमती नेहा मालवीय श्रीमती बबिता भारतद्वज श्रीमती अनसुइया कुशवाहा श्रीमती जयंती सराठे श्रीमती मीरा यादव श्रीमती यसोदा डहेरिया कु खुशी ठाकुर श्रीमती पुष्पा डहेरिया श्रीमती गुड़िया सिंगौर श्रीमती भावना ठाकुर श्रीमती मीना डहेरिया श्रीमती पिंकी कश्यप श्रीमती रेशमा बुंदेला कु प्रिंसी उइके श्रीमती देवश्री गढ़वाल श्रीमती काजल चौरसिया श्रीमती ममता ठाकुर श्रीमती चांदनी कुमारी श्रीमती ज्योतना सोनी श्रीमती कविता श्रीवस्त्री श्रीमती जयंती सराठे श्रीमती वंदना अग्रवाल श्रीमती रचना यादव श्रीमती पूजा ठाकुर श्रीमती रानी कुशवाहा श्रीमती अभिलाषा गहलोद श्रीमती शशि नेमा श्रीमती प्रेमलता बांदरे श्रीमती पार्वती डहेरिया श्रीमती सोनू मिश्रा कु मासूम निर्मलकर श्रीमती अरुणा यादव श्रीमती श्रीमती मंजू बरपात्रे श्रीमती गरिमा बरपाट्रे श्रीमती शांति यादव श्रीमती .ध्याना निर्मलकर श्रीमती दामिनी विश्कर्मा श्रीमती निर्मला विश्वकर्मा श्रीमती चंदा बालपांडे श्रीमती श्रेया भलाभि श्रीमती शांति यादव श्रीमती कविता रजक श्रीमती अपर्णा तिवारी श्रीमती चंद्रकांता ठाकुर श्रीमती ज्योति ठाकुर श्रीमती सपना बघेल आदि सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम ऐतिहासिक सफल हुआ ।आगे भी इसी प्रकार सभी सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा है।

# चरित्र शंका को लेकर की थी पत्नी की हत्या

कुरई पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर किया आरोपी को गिरफ्तार




**सिवनी नवभारत।** गत 03 नवंबर की रात करीब 11.00 बजे थाना कुरई में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ग्राम दराशीकलां में एक व्यक्ति द्वारा रात में अपनी पत्नि लोहे की सब्बल से सिर पर वार कर हत्या कर दिया है और घर से फरार हो गया है।

सूचना पर तत्काल थाना कुरई पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंचें जहां प्रार्थी रामप्रसाद राऊत पिता हगरू राऊत उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम दरासीकला थाना कुरई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 03/11/25 को रात्रि में खाना पीना खाकर मैं, मेरी पत्नी गौरा बाई, नाती मोहक, मयंक और नातिन डिम्पल खाना खाकर सामने वाले कमरे में सो रहे थे मेरा लड़का लक्ष्मी प्रसाद राऊत और बहु मीराबाई दूसरे वाले कमरे मे सो रहे थे समय करीबन 10.30 बजे रात्रि की बात है मेरा लड़का लक्ष्मीप्रसाद मेरी बहु मीरा बाई से झगड़ा करने लगा तो मैं और मेरी पत्नी गौरा बाई बीच बचाव करने लगे तभी मेरा लड़का लक्ष्मी प्रसाद वही कमरे मे रखी लोहे की सब्बल उठाया और मेरी बहु के सिर मे मार दिया जिससे बहु के सिर में चोट लगी सिर फट गया खुन बहने लगा और मेरी बहु की मृत्यु हो गई। और लडका लक्ष्मीप्रसाद राऊत घर से फरार हो गया। रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मीप्रसाद राऊत के विरूद्ध अप.क्र. 519/25 धारा 103 (1) बी.एन.एस. का कायम किया गया। घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता (भापुसे) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललीत गठरे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम को आरोपी लक्ष्मीप्रसाद राऊत की तलाश में लगाया गया जो आरोपी को आज दिनांक 04/11/2025 के 14/30 बजे दराशीखुर्द के जंगल से गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की गई जिसनें पत्नि की चरित्र शंका को लेकर हत्या करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त हथियार लोहे की सलब्बल को छुपा के रखा जो जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय सिवनी पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

इस कार्यवाही में निरी. के. एस. तेकाम थाना प्रभारी कुरई, सउनि शैलेन्द्र डोंगरे, दिलीप सरेयाम, डी.एल. सल्लाम, अजय परिहार, भूपेन्द्र सिंह नागेश्वर, प्र.आर. लक्ष्मण भलावी, संतोष धुर्वे, महेन्द्र परतेती आरक्षक, बालचंद नगरधने, प्रकाश उइके, उत्तम सरेयाम, अविनाश पाण्डेय, ओमकार परतेती, अजय उइके, यशपाल उइके की भूमिका सराहनीय रही।